**दिनांक–07.01.2026 को मुख्य अभियंता(उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना की अध्यक्षता में CONSTRUCTION OF BLOCK CUM CIRCLE OFFICE BUILDING AT BLOCK- AMOUR, DIST-PURNEA FOR THE YR 2025-26 (Re-Tender) कार्य के लिए आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाहीः–**

---

**उपस्थितिः–**

(i) **ई0 रामाज्ञा कुमार,** – अध्यक्ष
मुख्य अभियंता(उत्तर),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री कमलेश कुमार,** – सदस्य
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, पूर्णियाँ।

(iii) **श्री सूर्य प्रकाश रत्न,** – सदस्य
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, पूर्णियाँ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **योजना का नाम** | – | **CONSTRUCTION OF BLOCK CUM CIRCLE OFFICE BUILDING AT BLOCK- AMOUR, DIST-PURNEA FOR THE YR 2025-26** |
| 2. | **योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि** | – | ₹16,62,10,000/– (ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक–3556556 दिनांक– 10.01.2025) |
| 3. | **तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि (विद्युत कार्य सहित)** | – | ₹15,96,90,436/– (मुख्य अभियंता(नि0) का पत्रांक 932 (नि0) अनु0 दिनांक–10.07.2025 एवं मुख्य विद्युत अभियंता का ज्ञापांक–732 (वि0), दिनांक–01.07.2025) |
| 4. | **योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि** | – | ₹15,55,98,928/- |
| 5. | **निविदा आमंत्रण की तिथि** | – | 12.08.2025 |
| 6. | **निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि** | – | 18.09.2025 |
| 7. | **निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि** | – | 19.09.2025 |
| 8, | **प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय** | – | दिनांक–08.09.2025 को 3.00 बजे मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक–01.09.2025 को 3.00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, पूर्णियाँ के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | **कार्य समाप्ति की अवधि** | – | 15 (पन्द्रह) माह |
| 10. | **निविदा प्रसारण का माध्यम** | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | **निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम** | – | दैनिक समाचार पत्र। |
| 12. | **निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम** | – | पी0आर0सं0–011737(भवन)2025–26 |
| 13. | **निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता** | – | **(i)** BALRAM SINGH, ADD-WARD NO1 SAHARSA , BIHAR.<br>– **(ii)** BIPIN KUMAR PATEL, WARD NO-2 AZAD NAGAR BHABUA, KAIMUR<br>– **(iii)** CHANDAN KUMAR SINGH, COLONY NO-1, DURGASTHAN, KATIHAR.<br>– **(iv)** JAI MATA DI ROAD CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, FRIENDS COLONY BAILY ROAD PATNA |

14. **प्रथम बार आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-**

दिनांक-21.08.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एकमात्र निविदाकार के भाग लिये जाने के कारण कारण वित्त विभाग के अधिसूचना सं0-7806, दिनांक-30.09.2016 के आलोक में निविदा को रद्द कर **'पुनर्निविदा'** करने का निर्णय लिया गया।

15. **वर्त्तमान में (द्वितीय बार) आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-**

विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में उपरोक्त चार निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। उक्त चारों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, पूर्णियाँ के पत्रांक-2339 अनु0, दिनांक-25.09.2025 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा चारों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों की जाँच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले सभी निविदाकारों द्वारा समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण पत्र की जाँच में यदि अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड के अभिलेखों के मुल्यांकनोपरांत/ जाँचोपरान्त पाया किः-

(i) प्रथम निविदाकार BALRAM SINGH, ADD-WARD NO1 SAHARSA , BIHAR हैं। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत पाया गया कि इनके द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-16.1(d) के तहत निविदाकार द्वारा अपलोड की गयी बैंक गारंटी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बेगूसराय के नाम से है। चूंकि कार्य भवन प्रमंडल, पूर्णियाँ से संबंधित है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका-16.1(d) के तहत **"नॉन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(ii) द्वितीय निविदाकार BIPIN KUMAR PATEL, WARD NO-2 AZAD NAGAR BHABUA, KAIMUR हैं। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत पाया गया कि इनके द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-16.1(d) के तहत निविदाकार द्वारा अपलोड की गयी बैंक गारंटी में Name of Employer अंकित नहीं किया गया है, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि बैंक गारंटी किसके नाम से है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका-16.1(d) के तहत **"नॉन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(iii) तृतीय निविदाकार CHANDAN KUMAR SINGH, COLONY NO-1, DURGASTHAN, KATIHAR हैं। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहत Executed in any one year the minimum quantities अन्तर्गत मांगे गये PHE Work की राशि ₹35,55,000/- के विरूद्ध ₹33,77,151.64/- मात्र का अभिलेख समर्पित किया गया है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहत **"नॉन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(iv) चतुर्थ निविदाकार JAI MATA DI ROAD CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, FRIENDS COLONY BAILY ROAD PATNA हैं। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत पाया गया कि एस0बी0डी0 कंडिका-4.7 के तहत मांगे गये Bidding Capacity के तहत 15,55,98,928.00 के विरूद्ध (-) 9,94,20,750.00 मात्र है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका-4.7 के तहत **"नॉन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

16. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णयः-**

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत पाया गया कि द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में कोई भी निविदाकार के सफल नहीं पाये जाने के कारण वित्त विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0-7806, दिनांक-30.09.2016 के आलोक में निविदा को रद्द कर **'पुनर्निविदा' करने का निर्णय लिया गया।** तद्लोक में मुख्य अभियंता (उत्तर) अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

17. इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

| (सूर्य प्रकाश रत्न)<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल, पूर्णियाँ। | (कमलेश कुमार)<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, पूर्णियाँ। | (रामाज्ञा कुमार)<br>मुख्य अभियंता(उत्तर)<br>भ0नि0वि0, पटना। |
|---|---|---|

**मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

**ज्ञापांकः**-भ0उ0वि0/यो0(पू0)-73/2025 215 पटना, दिनांकः- 08/1/2026

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता (उत्तर)।